तापमान
अधिकतम 36.4 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 15 जून 2025



16 बिहान योजना से लाभान्वित आदिवासी ब्लाक की...



16 शिक्षा सत्र का शुभारंभ कल से, शाला प्रवेशोत्सव...




## नीट में प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट का छ.ग. में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने प्रदेश ही नहीं देश में अपना व संस्था का नाम रौशन किया है इस वर्ष पियूष शर्मा 607 अंक लाकर पूरे देश में (जनरल केटेगीर रैंक 968) अपनी एक अलग पहचान बनायी है। अनुराग चौधरी 598 अंक (AIR-1511) कैटेगीरी रैंक 479, मंदीप 590 अंक (AIR-2243) कैटेगीरी रैंक 164, अभिषेक सिंग 578 अंक (AIR-4342) कैटेगिरी रैंक 1653, श्वेता मंडावी 535 अंक कैटेगीरी रैंक 37 इसी तरह अनेक छात्रो ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 500 से अधिक अंक 27 छात्रों ने लाया है और 95 से अधिक छात्रों ने NEET क्वालीफाई किया है सभी छात्रो ने अपनी कड़ी मेहनत संस्था के शिक्षकगणो के मार्गदर्शन, टेस्ट सीरिज व स्टडी मटेरियल को सफलता का सूत्र बताया है।




संस्था के डायरेक्टर सभी सफल छात्रो को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है। प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट ऐसा इकलौता संस्था है जहाँ SSP भी चलाया जाता है जिसमें चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारण्टी देता है, वो भी लिखित दस्तावेज के साथ ।

अन्तिम SSP बैच 18 जून से प्रारंभ हो रही हो जिसका नामांकन प्रकिया प्रारंभ है। छात्र-छात्राओं के रहने के लिए अलग-अलग हॉस्टल व मेंस की सुविधा है।

इच्छुक छात्र मो.नं. 8319571812, 7880168887 में सम्पर्क कर सकते है। यह संस्था शॉप नं. 178 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई में स्थित है।

ADVT.



## श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

Shri Gopala HOSPITAL

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### ताला तोड़कर स्कूल में घुसे चोर, एफआईआर दर्ज

**बालोद।** जिला मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित जुंगेरा हाई स्कूल मे अज्ञात चोर द्वारा स्कूल से करीब सामानों की चोरी कर ली गई। जिसके बाद स्कूल के प्राचार्य ने थाने मे अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वही पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात चोर द्वारा शासकीय हाई स्कूल जुंगेरा मे घुसकर सीपीयू, यूपीएस, 32 इंच टीवी, 16 चैनल सीपी प्लस डीवीआर, मॉनीटर, प्रोजेक्टर की चोरी कर ली गई है। प्रार्थी प्राचार्य एन चौधरी ने बताया कि शासन से मिलने वाली निःशुल्क पाठ्य पुस्तक को स्कूल मे रखने चपरासी भुनेश्वरी सिंह लेड़िया को भेजा था। चपरासी के वहां जाने के बाद उन्हे चोरी की जानकारी हुई। जसके बाद उन्होने मुझे फोन के माध्यम से जानकारी दी, जहां पहुंचकर मैने देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। जिसके बाद घटना की जानकारी जन विकास समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र चन्द्राकर एवं स्टॉफ को दिया गया।

### नाली खोलने को लेकर दो किसानों में हुई मारपीट

**बालोद।** नाली के माध्यम से खेत मे जा रहे पानी को जुताई के लिए बंद करने व दूसरे किसान द्वारा उसे खोल देने पर दोनो किसानो के बीच गाली गलौज व मारपीट की स्थिति उत्पन्न होने गई तथा जिसके बाद एक किसान पक्ष ने नाली खोलने वाले दूसरे किसान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बोरतरा निवासी किसान जीवन लाल साहू अपनी पत्नी योगेश्वरी साहू के साथ खेत गए थे। जहां गांव का पानी नाली से होकर खेत मे जा रहा था। जीवन लाल साहू ने दूसरे किसान कोमेश्वर से कहा कि खेत की जुताई करना है इसलिए नाली को बांधा हूं, आप क्यू खोले हो जिसके बाद कोमेश्वर ने धक्का मुक्की कर जीवन लाल साहू को गिरा दिया। जिसके बाद वहां किसान जीवन लाल का भाई मदन लाल साहू आया तो उसके साथ भी मारपीट धक्का मुक्की किया। जहां जीवन लाल साहू की पत्नी योगेश्वरी साहू बीच बचाव करने पहुची तो उसका कलाई को मरोड़ दिया। जिसके बाद गुरूर थाने मे कोमेश्वर सिन्हा के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत मामला दर्ज की गई है।

### महिलाओं में हुई मारपीट चार पर मामला दर्ज

**बालोद।** बच्चों को स्कूल से लाने जा रही महिला और बाजार मे खरीददारी के लिए निकले महिलाओ के बीच किसी बात को लेकर नोक झोक हो गई, जो मारपीट तक पहुंच गई। जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया हैं। जिसमे पुलिस ने 4 लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के एक निजी स्कूल के पास शेष पेज 15 पर

बैठक : सोसाइटियों में खाद की किल्लत से किसान है परेशान, कई मार्ग जर्जर

# जिपं की बैठक में अधिकारी की उनुपस्थिति पर सदस्य बिफरे, कहा-नोटिस करें जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2025 के बाद नव गठित जिला पंचायत बालोद के नवीन कार्यकारिणी की जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्रकार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिला पंचायत के पहली सामान्य सभा की बैठक सदस्यों की नाराजगी व कड़े निर्देशों के सांथ संपन्न हो गया। पहली ही बैठक मे कई विभाग के जिम्मेदारों की अनुपस्थिति पर उन्हे नोटिस जारी करने के लिए कहना पड़ा।

- मरम्मत के लिए शीघ्र कदम उठाए जाएंगे
- जिम्मेदारों की अनुपस्थिति में सदस्यों को समस्याओं और विकास कार्यों की जानकारी नहीं मिल पाती है

जिला पंचायत की सामान्य सभा की पहली बैठक के दौरान बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया। लोकनिर्माण विभाग, पीएचई, वन, खनिज जैसे कई विभागों के जिला के जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति से सदस्य नाराज हो गए, सदस्यों ने कहा पहली बैठक मे ही अधिकारियों द्वारा सदन की उपेक्षा स्वीकार्य नही है। सदस्यों ने उन सभी शेष पेज 15 पर




### सड़कों की मरम्मत जरूरी

सदन मे प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत चाराचार से पायला रोड़ (सड़क) का मामला अठाते हुए सदस्यों ने बताया उक्त सड़क बहुत ही जर्जर है, नये निर्माण या मरम्मत की जरूरत है। उस पर तत्काल प्रक्रिया प्रारंभ करें। सदस्यों ने पुछा सिचाई विभाग के अंतर्गत जिले मे सिंचाई विभाग से क्या क्या काम चल रहा है, कितने लाईनिंग का काम चल रहा है। पर कोई स्पष्ट जवाब नही आने से सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदन मे बलराम खेड़ा, भैसमुड़ी अवैध रेत खदान का मामला भी उठा, सदस्यों ने कहा यहां अवैध रेत खदान संचालित है। यहां मारपीट की घटना भी हो चुकी है, तत्काल इस पर अंकुश लगना चाहिए।

### सोसाइटियों में खाद की किल्लत

बैठक में अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्रकार ने कहा, जिला मे लगातार खाद की कमी की शिकायत आ रही है, किसान परेशान हैं, किसानी का समय आ गया है, कृशि विभाग सुनि"चत करे कि जिले के सभी सोसायटी मे खाद व बीज उपलब्ध हो। किसानो को भटकने की जरूरत न पड़े। तारणी ने कहा कृशि विभाग यह भी सुनिश्चित करे कि निजी दुकानदार खाद बीज को अधिक दामो पर ना बेचे। खेती किसानी से पहले खाद बीज किसान को मिल जाए। तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्रकार ने कहा विगत कई वर्शो से सड़कों की ठीक से मरम्मत काम नही हुआ है, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत ईरागुड़ा से भोथीपार, खपरी (ब) के सड़कों सहित जिले के अपने सभी सड़कों की तत्काल मरम्मत करे, जिससे बारिश पुर्व आम जनता को सुगम यातयात मिल सके। बटरेल से कुथरेल सड़क का मरम्मत करे, बहुत जर्जर है। सउस्यों ने पुछा बटरेल से कुथरेल के लिए राशि उपलब्ध है तो टेंडर लग गया है क्या, मुंदेरा सड़क का स्थिति बहुत जर्जर है। टेंडर लगा है तो कार्य चालू कराये या गढ्ढो को पेच मरम्मत कर ठीक करे।

## ढाबों में शराब की अवैध बिक्री, चार की गिरफ्तारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

थाना पुरूर एवं सायबर टीम द्वारा थाना पुरूर क्षेत्र अंतर्गत संचालित ढाबो की जांच कर शराब पिला रहे एवं शराब बिक्री कर रहे लोगो के विरूद्व आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई, जिसमे 4 आरोपियो के विरूद्व आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

ग्राम चिटौद स्थित हाईवे ढाबा मे ग्राम चिटौद निवासी आरोपी विवेक सिन्हा पिता स्व. मोतीलाल सिन्हा 33 वर्श के विरूद्व धारा 36 (सी) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। दूसरे मामले मे पुट्टू ढाबा ग्राम चिटौद मे मराठापारा धमतरी थाना व जिला धमतरी निवासी आरोपी संजय कृदत्त पिता खिले"वर राम कृद्त्त उम्र 32 वर्श के विरूद्व धारा 36 (सी) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। दोनो ही ढाबों मे तीसरे मामले मे सोनी ढाबा ग्राम बालोदगहन मे बनियापारा धमतरी थाना व जिला धमतरी निवासी आरोपी तुशार सोनी पिता जनार्दन सोनी उम्र 22 वर्श के विरूद्व धारा 36 (सी) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। चौथे मामले मे एनएच 30 ढाबा पुरूर मे ग्राम कोष्टापारा धमतरी थाना व जिला धमतरी निवासी निखिल माधवानी पिता स्व. जितेन्द्र माधवानी 27 वर्श के विरूद्व के विरूद्व धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। जिनके पास से 11 पौवा अंग्रेजी स्पेशल विस्की, 14 पौवा अंग्रेजी रायल स्टेज, 2 बोतल अंग्रेजी रॉयल स्टेज, 14 बोतल बीयर कुल 15.100 बल्क लीटर किमती 8830 रूपये का जप्ती कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

## नगर पंचायत का संयुक्त संचालक ने किया निरीक्षण

**गुरूर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग संयुक्त संचालक जेपी. साहू द्वारा नवगठित नगर पंचायत पलारी, जिला बालोद का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें कार्यालय द्वारा अधिरोपित की जाने वाली संपत्तिकर हेतु कुल मकानों की संख्या–डिमांड, पेयजल आपूर्ति, नगर की सफाई व्यवस्था एवं अन्य विषयों पर चर्चा साथ ही शेष पेज 15 पर



## एसडीएम व तहसील कार्यालय का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने बालोद जिले के प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय बालोद के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान राठौर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय एवं तहसीलदार आशुतोष शर्मा एवं अतिरिक्त तहसीलदार संध्या नामदेव के न्यायालय में पहुंचकर राजस्व प्रकरणों का अवलोकन किया। राठौर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से प्रकरणों के निराकरण की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। संभाग आयुक्त राठौर ने अतिरिक्त तहसीलदार संध्या नामदेव के न्यायालय में पुराने राजस्व प्रकरणों का अवलोकन करते हुए अतिरिक्त तहसीलदार से प्राप्त प्रकरणों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने तहसीलदार आशुतोष शर्मा के न्यायालय में राजस्व प्रकरणों का अवलोकन कर तहसीलदार शर्मा को निर्धारित समयावधि में सभी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने एसडीएम नूतन कंवर को राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने हेतु राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों की बैठक भी आयोजित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम नूतन कंवर ने बालोद तहसील में निर्धारित समयावधि में राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी।



बेमेतरा, कवर्धा और राजनांदगांव में दिव्यागों को युक्तियुक्तकरण से मुक्त रखा गया

# युक्तियुक्तकरण में नीतियों की अवहेलना दुर्ग के सातों जिलों में विसंगतियां उजागर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

लेय शिक्षक संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को लेकर शिक्षा विभाग राज्य कार्यालय ने स्पष्ट दिशा निर्देश थे, परंतु दुर्ग संभाग के 7 जिलों में अलग अलग तरह की प्रक्रिया और मापदंड रखकर उस दिशा निर्देश का पलीता निकाल दिया है। बेमेतरा, कवर्धा और राजनांदगांव में दिव्यागों को युक्तियुक्तकरण से मुक्त रखा गया, किंतु दुर्ग और बालोद जिले में दिव्यांगों को भी काउंसलिंग में शामिल कर नई पदस्थापना दे दी गई।

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अब प्रक्रिया के दौरान कार्यालयों द्वारा की गई गलतियों, अनियमितताओं, मनमर्जियों व लापरवाहियों की परतें खुलते जा रही है, इसी परिपेक्ष्य में संभाग के दो विकासखंड (दुर्ग और डौंडी) शिक्षाधिकारी निलंबित हो चुके हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षाधिकारियो द्वारा सुधार और सुनवाई नही करने पर कलेक्टर कमिश्नर को आवेदन किया जा रहा है।यहाँ भी अपेक्षानुरूप कार्यवाही न होते देख बहुत से शिक्षक शेष पेज 15 पर

### दिव्यांगों के साथ अन्याय

*जितेंद्र शर्मा ने बताया दुर्ग जिला में तो 90 प्रतिशत दिव्यांग शिक्षक को भी बक्शा नही गया है। वही बालोद जिला के अधिकारी उन दिव्यांग शिक्षकों को नवीनीकृत प्रमाणपत्र की मांग करते देखे गए और न मिलने पर उनको अतिशेष बनाकर पदस्थापना दे दी। एक संभाग के भीतर दिव्यांगता को लेकर अलग अलग पैमाने रखे गए। शालेय शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष और साझा मंच जिला संचालक चंद्रशेखर तिवारी ने दुर्ग के मामले को बताते हुए कहा कि ढोर में पदस्थ शिक्षक मनीष कुमार गेन्द्रे 90 प्रतिशत दिव्यांग हैं, किंतु उन्हें भी अतिशेष में रखते हुए उनकी काउंसलिंग कर दी गई। वो पैरों से लाचार है, वे अधिकारियों से गुहार लगाते रहे, किंतु उनकी एक न सुनी गई। इस तरह के जिले में अनेकों मामले हैं।*

### बीईओ और डीईओ ने गम्भीर त्रुटियां पाई

इसी तरह का मामला बालोद जिले का भी है, प्रदेश मीडिया प्रभारी और शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि अतिशेष सूची जो बनाई गई बीईओ और डीईओ के द्वारा उनमें गम्भीर त्रुटियां पाई गई। किसी सीनियर को जूनियर, परिवीक्षावधीन शिक्षक को अतिशेष, किसी की गणना मूल शाला में, तो किसी की अतिशेष गणना संलग्न शाला से, तो किसी का विषय ही बदल कर बचा लिया गया, तो कही विषय चक्रानुक्रम का ध्यान नही रखा गया। बालोद के काउंसलिंग में दिव्यांगों को अतिशेष कर बुलाया गया था, और उनसे नवीनीकृत दिव्यांगता प्रमाणपत्र मांगा जा रहा था, जबकि उन दिव्यांग शिक्षको की नियुक्ति दिव्यांगता के आधार पर हुई थी, केवल नवीनीकृत प्रमाणपत्र के अभाव में उन्हें दिव्यांग की छूट न देते हुए अतिशेष कर उनकी काउंसलिंग कर पदस्थापना कर दी गई।


DRSK EDUCATION CONSULTANCY
MBBS ABROAD

MBBS ADMISSION
OPEN FOR 2025
RUSSIA



DETAILS
- Govt Collage
- Affordable fees
- Study in english
- Top MCI rating university
- Provide library, study room

Offer
* Drsk education लाया है न्यू ऑफर लिमिटेड समय के लिए।
अभी रजिस्ट्रेशन करने पर एक टैब स्टडी करने के लिए बिल्कुल फ्री

Shastri Market Vijeta Complex Shop No. 33, Raipur
Call For Registration - +917999844972, 9301233123

## खबर संक्षेप

### संघ के सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए

दुर्ग। ग्राम पंचायत मचांदूर के सरपंच युगल किशोर साहू दुर्ग जनपद सरपंच संघ के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए संघ के सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए ग्राम पंचायत डुमरडीह सरपंच धर्मेन्द्र बंजारे व समोदा सरपंच अरुण गौतम उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसी प्रकार अनिल बंजारे खेदामारा सचिव, सुशील साहू ननकठ्ठी कोषाध्यक्ष, खुमान निषाद कोड़िया एवं कीर्तन साहू कचांदूर मीडिया प्रभारी, दुलारी देशलहरे खम्हरिया कानूनी सलाहकार एवं जनपद पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी तथा पूर्व सरपंच नगपुरा भूपेन्द्र रिगरी संघ के संरक्षक बनाए गए हैं सरपंच संघ के इस चुनाव के दौरान दुर्ग जनपद पंचायत क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायत के सरपंच मौजूद थे। सरपंच संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष युगल किशोर एवं अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि, जनपद क्षेत्र के ग्रामीण विकास के लिए वे सदैव क्षेत्र के सरपंचों के साथ खड़े रहेंगे।

### विधायक गजेन्द्र यादव स्वस्थ, लौटे घर

दुर्ग। स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण दो दिन अस्पताल में भर्ती होकर चिकित्सकीय उपचार पश्चात विधायक गजेन्द्र यादव घर लौट गये है। चिकित्सको ने पूरी तरह से स्वस्थ होने के उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिए है। उन्होंने सभी के स्नेह और शुभकामनाओ के लिए हृदय से आभार जताया है। जल्दी ही जनता की सेवा में पुनः सक्रिय होंगे। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों घर के सामने टेनिस खेलने के दौरान वे घायल हो गए थे।

सियासत : भाजपा के विकासोन्मुखी दृष्टिकोण को जनता तक पहुंचाने का एक प्रभावी कदम

# भाजपा की संकल्प से सिद्धि कार्यशाला में बूथों को मजबूत बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शनिवार को भाजपा मंडल डौंडीलोहारा में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करना और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना था।

- हमारी ताकत हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण में

यह कार्यशाला स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने के लिए आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक शुक्ला,प्रदेश आई टी सेल हरीश कटझरे तथा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए /"संकल्प से सिद्धि/" कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और भाजपा के विकासोन्मुखी दृष्टिकोण को जनता तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों, जैसे उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, और किसान सम्मान निधि को घर-घर तक ले जाने की रणनीति पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने डिजिटल और सोशल मीडिया के उपयोग के माध्यम से युवाओं तक पहुंचने की आवश्यकता पर बल दिया। डौंडीलोहारा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने अपने सारगर्भित उदबोधन में कार्यकर्ताओं से संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को गली-गली तक ले जाने की अपील की। उन्होंने कहा, /"हमारी ताकत हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण में है। हमें हर गांव, हर मोहल्ले में जाकर लोगों को यह बताना होगा कि भाजपा का विजन देश और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए है।






### महिलाओं को रणनीति में शामिल करने पर जोर

उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को संगठन से जोड़ने की रणनीति पर जोर दिया।कार्यशाला में मंडल के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें जिला महामंत्री देवेन्द्र जायसवाल,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम,चेयरमैन शासकीय एकलव्य महाविद्यालय जसराज शर्मा,जनपद पंचायत डौंडीलोहारा उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर,कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र कुमार निषाद,सह संयोजक दुलार साहू, प्रीतम सिंह साहू, दुलार सिंह साहू, यादव, संदीप जैन, , नेहा उपाध्याय, दिव्या, टिकेश्वरी , प्रेमिमा गंगाबाईर, ममता यादव, रेवती कालियारे, सूर्यकला ठाकुर, माया जयेश ठाकुर, प्रबेश्वरी सिन्हा, ममता गहुर, मनोज भंडारी, हिरेन्द्र गायकवाड, कौशल शर्मा, दिलीप बाफना, पीमन देशमुख, प्रकार कुमार बोस, मनीष राजपूत, अभय साहू, तेजराम सिन्हा, वीरसिंह निषाद, भागवत प्रसाद साहू, हेमलाल पिस्दा, भागवत प्रसाद, हेमबाल देशबाबर, प्रकाश सेन, गिरधारी कोसमा, एकबाल अरोड़ा, नरेन्द्र कुमार पिस्दा, देव कुमार धूमरिया, चैन सिंह निर्मलकर, बीरसिंह ठाकुर, लामदेव साहू, रेमन सिंह अटल, कौसलेश देवांगन, पद्मलाल किसान, और रोहिनी पिस्दा शामिल थे। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे सरकार की योजनाओं और भाजपा के विचारों को जनता तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने, ग्रामीण क्षेत्रों में बैठकों का आयोजन करने, और स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देने की रणनीति पर सहमति जताई। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया और डोर-टू-डोर कैंपेन के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को संगठन से जोड़ने की योजना बनाई गई।यह कार्यशाला मंडल डौंडीलोहारा में संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करने और कार्यकर्ताओं में उत्साह जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। यह आयोजन न केवल /"संकल्प से सिद्धि/" कार्यक्रम को गति देगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर भाजपा की उपस्थिति को और मजबूत करेगा।

# मोदी सरकार के 11 सालों की भाजपा ने गिनाई उपलब्धियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मोदी जी के 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल में राष्ट्र के हर एक अंतिम व्यक्ति को लाभ मिले ऐसी भावना के साथ कार्यशाला सह कार्यक्रम मंडल कार्यालय गुरुर में आयोजित की गई। जिसमे मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, पूर्व विधायक गुंडरदेही वीरेन्द्र साहू ने अपने व्यक्तव्य में मोदी सरकार की अहम योजना एवं भाजपा की संगठनात्मक कार्यो पर प्रकाश डाला और कहा मोदी जी ने विभिन्न योजनाओं का सफलता पूर्वक निष्पादन किया। वक्ताओं ने कहा देश मे हर गरीब का कल्याण हो रहा है, चाहे वो अन्न योजना हो या आवास योजना, महिला ससक्तीकरण, कृषक कल्याण, नल जल, शिक्षा स्वास्थ्य, रेल, रक्षा, विदेश सेवा, पर्यावरण आदि विभिन्न क्षेत्रें में मोदी जी के द्वारा किये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यो की जानकारी दी। संकल्प के सिद्धि के साथ भाजपा मंडल गुरुर की कार्यकारिणी की प्रथम बैठक भी आहूत की गई एवं प्रत्येक शक्ति केन्द्रवार प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक बनाये गए। कार्यक्रम मे सरपंच अर्जुनी एवं सरपंच सोहपुर ने भाजपा के नीति और मोदी जी से प्रेरित होकर भाजपा प्रवेश किया। कार्यक्रम में मंडल गुरुर अध्यक्ष आनंद शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, पूर्व जिला पंचायत सभापति ललिता पी मन साहू, जिला पंचायत सभापति चंद्रिका गंजीर, जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा, पार्षद राकेश दीवान, नारायण टेके, बिंदा यादव, शोभित यादव, गिरधर ठाकुर, लेखक चतुर्वेदी, धर्मेंद्र साहू, प्रेम कलिहारी, गणेश्वरी खरेंद्र, ताम्रध्वज यादव, लिखे"वर साहू, लेखराज पूरी गोस्वामी, दिनेश्वरी सिन्हा, रोहित नेताम, जनपद सदस्य सुभद्रा साहू, तारादेवी यादव, मीना साहू, तानसिंग देहारी, राजेश दीवान, भुवन साहू, अशोक साहू, रामसहाय साहू, चंदन सिन्हा, विभिन्न शाला समिति के अध्यक्ष, सोसाइटी के अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र संयोजक, सहसंयोजक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नन्हे रोजेदारों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के बैनर तले 4 साल से 12 साल के बच्चों को उनके रोजा का इनाम मोमेंटो और सनद देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। मालूम हो कि पूरे प्रदेश में ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की जानिब से नन्हे रोजदार के बैनर तले इनाम दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम आलीखुंटा (रानीतराई), जिला राजनांदगांव में बच्चों को सम्मानित किया गया। यहां अंबागढ़ चौकी के बिलाल अहमद खान और अलीजा खान को प्रमाण पत्र, मोमेंटो और गिफ्ट दिया गया। बिलाल और अलीजा के वालिद जावेद अहमद खान और अम्मी शबनम नाहिद शिक्षक हैं। तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले बिलाल और चौथी कक्षा की छात्रा अलीजा ने बताया कि उन्होंने अपनी दादी शहीदा खातून और दादा शम्मी अहमद खान से प्रेरित होकर रमजान के रोजे रखने शुरू किए। जब भी रमजान का महीना आने का होता है, हर ये बच्चे रोजे की तैयारी शुरू कर देते हैं। सेहरी में उठना और रोजे रखना उसके बाद परिवार के साथ इफ्तार करना बच्चों की रमजान में दिनचर्या होती है। ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के इस कार्यक्रम को ग्राम आलीखुंटा के लोगों ने काफी सराहना की और आगे भी इस तरह की हौसला अफजाई करने को कहा। इस अवसर पर ग्राम के ही खलील अहमद खान, शमशाद बानो, गनी अहमद खान, अफजल, अहफाज, आबिद, तौसीफा समेत मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

- ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के बैनर तले अंबागढ़ चौकी के बच्चों की हौसला अफजाई की गई



ग्रामवासियों ने बालोद जिला अध्यक्ष अजहर कुरैशी के साथ रहीम मोहम्मद, बशीर खान, इस्माइल खान, कामरान खान,आवेश मेमन, अरमान अंसारी, हकीम ताज, रिजवान कुरैशी, निजामू कुरैशी,मोनू खान, जमील बख्श ,हक्कानी हसन ,सलीश कुरैशी अमान खान सहित बालोद जिले की पूरी टीम मेजबान थी और मेहमान थे प्रदेश अध्यक्ष सिराज भाई, जुबेर खान प्रदेश उपाध्यक्ष, फहीम अंसारी प्रदेश सचिव, शबान खान रायपुर संभाग अध्यक्ष,शाहबाज खान, यासिर भाटी रायपुर शहर अध्यक्ष, आसिफ भींड सरा, सैयद फैसल इमामप्रदेश मीडिया इंचार्ज के साथ दुर्ग संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद खान और अर्शिया आलम बाजी (हमशीरा ग्रुप ) दुर्ग संभाग अध्यक्ष के साथ जामा मस्जिद बालोद के सदर शाहिद अहमद खान की सराहना की।

### प्रदेश भर में आयोजन

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन समाज के लोगों को हर तरह से जागरूक कर रहा है। समय-समय पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। फाउंडेशन के बैनर तले हर साल नन्हे रोजेदारों की हौसला अफजाई की जाती है। ऐसे में लोगों का जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है।

# सेक्टर 5 और 6 में 22 अवैध कब्जे हटाए गए, जारी रहेगी बेदखली मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को सेक्टर–5 और सेक्टर–6 में अवैध कब्जों के विरुद्ध 22 आवासों को खाली कराया। कार्रवाई के दौरान सेक्टर–5 के सड़क 3 स्थित 12 आवास, क्रमांक 103, 104, 120, 205, 206, 701, 704, 716, 718, 719, 720 और 801, से अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों को बेदखल किया गया। इसके अलावा सेक्टर 6 सड़क 42, ब्लाक 4 के नौ आवासों क्रमांक जे, के, एल, एम, एन, ओ, पी, क्यू और क्वार्टर आर को भी खाली करवाया गया। इन आवासों से दरवाजे और खिड़कियां हटाकर उन्हें मेंटेनेंस कार्यालय को सुपुर्द किया गया । इसके अतिरिक्त, सेक्टर–6 में स्थित एक और आवास (1एफ/सड़क–23/सेक्टर–06) को भी अवैध कब्जे से मुक्त कराकर उसके वैध आवंटी को सौंपा गया।



### किराए पर मकान देने पर होगी कार्रवाई

टाउनशिप में प्रवर्तन टीम द्वारा जारी बेजा कब्जा हटाओ अभियान के तहत कब्जामुक्त कराए जा रहे मकानों को आवंटी को सौंपने के साथ मेंटेनेंस आफिस को भी सौंपा जा रहा है। ताकि दोबार कब्जाधारी कब्जा न करें। भिलाई इस्पात संयंत्र का यह स नियम है कि किसी भी बीएसपी आवास को किराए पर देना प्रतिबंधित है, और कोई भी आवंटी अपने नाम आवंटित आवास को किराए पर नहीं दे सकता। संयंत्र प्रबंधन का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो संबंधित जानकारी नगर सेवाएं विभाग तथा स्थानीय पुलिस थाने को लिखित रूप में देना अनिवार्य है।

### ट्रैक्टर चालक ने स्कूटी सवार बहनों को कुचला, एक की मौत

भिलाई। कॉलेज जा रहीं सगी बहनों के ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक की मौके पर ही मौत हो गई। बड़ी बहन गंभीर रुप से घायल होने से उपचार अस्पताल में जारी है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। चालक मौके से फरार हो गया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी नगर सुपेला निवासी सुहानी सिंह और खुशी सिंह दोनों अपने वाहन से कुरुद स्थित रूंगटा कॉलेज गए हुए थे।

# कलामंदिर में भरथरी गायन को नाट्य शैली में देख दर्शक हुए भाव-विभोर



भिलाई। कला मंदिर भिलाई में चल रहे दो दिवसीय लोकनाट्य उत्सव के तहत शुक्रवार को दूसरे दिन मंचित नाटक भरथरी वैराग्य की गाथा की प्रभावी प्रस्तुति में त्याग और तपस्या का यही संदेश दिखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग की महापौर अलका बाघमार व विशेष अतिथि वरिष्ठ कलाकार पद्मश्री डोमार सिंह,पद्मश्री पंथी नर्तक डां, आरएस बारले,भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी थे। अतिथियों ने आयोजन को सराहनीय बताते हुए कहा कि छग के कलाकारों ने देश दुनिया में यहां का नाम रौशन किया है। नाट्य संस्था रंग सरोवर द्वारा राजा भरथरी की गाथा की प्रभावी प्रस्तुति को आज भी दर्शकों ने सराहा। निर्देशक भूपेंद्र साहू निर्देशित भरथरी वैराग्य की गाथा नाटक में महाराजा भरथरी की प्रेरक जीवन गाथा को कलाकारों ने पूरी तन्मयता से प्रस्तुत किया। पहली बार भरथरी गायन शैली को नाटक शैली में मंचित देख दर्शक विभोर हो गए। नाटक में उज्जैन के राजा भर्तहरि के योगी के वरदान से जन्म, रानी से विवाह फिर सोने के पलंग के टूटने का रहस्य से लेकर वैराग्य व तपस्या तक दिखाया गया। नाटक में सभी कलाकारों ने बेहतर अभिनय किया। राजा भरथरी की भूमिका मिथुन खोटे व पत्नी रानी सामदेयी का किरदार योगिता मढ़रिया ने निभाया। गोरखनाथ चंद्रहास, रानी रुपदेयी जागेश्वरी, कैना जागेश्वरी मेश्राम, चंपा चेरी निधि, रोशनी बनीं। मिरगा का किरदार दीपक, मिरगिन सिंधु ने निभाया। कथावाचक अमर सिंह थे। मधुर गायन में राजेंद्र साहू, गंगा प्रसाद योगिता व सिंधू का था। साजिंदे भारत बघेल,मोहन साहू, मोनू पाटिर खेम यादव व गिरवर साहू नाटक को संगीतमय बनाया।

# जिपं अध्यक्ष से रोजगार सहायक की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- अभद्र व्यवहार व राशि की मांग की शिकायत

शुक्रवार को दुर्ग के ग्राम पंचायत खम्हरिया में चल रहे मनरेगा कार्य का दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने औचक निरीक्षण किया एवं कार्य स्थल में जा कर मजदूरों को कार्य करने में होने वाली समस्याओं को लेकर ग्रामीणों से भेंट कर उनकी पीड़ा को प्रत्यक्ष रूप से जाना। ग्रामीणों ने बताया रोजगार सहायक द्वारा लंबे समय से ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करते है एवं शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना आदि में हितग्राहियों से राशि की मांग करना जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। श्रीमती बंजारे ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर व शिकायत पर शिघ्र जांच कराकर दोषियों पर उचित कार्यवाई किराए जाने की बात कही। दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष के औचक निरिक्षण के दौरान उनके साथ क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति जिला पंचायत श्रद्धा पुरेन्द्र साहू, ग्राम पंचायत खम्हरिया सरपंच दुलारी देशलहरे, पंचायत सचिव डोमेन्द्र पटेल, पंच अनिकेत देशलहरे, रोजगार सहायक जिवेश साहू एवं खम्हरिया के ग्रामवासी उपस्थित थे।



## पेज 13 के शेष

### जिपं की बैठक...

विभाग के प्रमुखों को नोटिश जारी करने कहा जिन्होने स्वयं न आकर अपने कनिष्ठों को बैठक मे भेजा है। इस दौरान बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में बड़ी संख्या में लोगों के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने विमान हादसे में दिवंगत हुए लोगों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक सहित विभिन्न समितियों के सभापति, जिला पंचायत सदस्यों के अलावा अधिकारीगण उपस्थित थे। मिली जानकारी के अनुसार सदस्यों ने जगह जगह बिक रही अवैध शराब का मामला उठाया, सदस्यों ने कहा शराब के न"ो मे हत्याऐं हो रही है। आबकारी विभाग का कही कोई अंकुश नही है। खुले आम ढाबों मे शराब परोसा जा रहा है। आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग कार्यवाही नही करते है। तत्काल इस पर अंकुश लगाया जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्रकार ने कहा बैठक मे कई विभागों के जिम्मेदारों की अनुपस्थिति पर सदस्यों ने आवाज उठाई है, सदन मे सदस्य कई विशय लेकर आते है, उन्हे संतोशप्रद व सही जानकारी कौन देगा। अधिकारियों की अनुपस्थिति ठीक नही है, सभी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को सदन की बैठक मे उपस्थित रहने के लिए कहा जाएगा।

### नगर पंचायत का...

शासन के निर्देशानुसार सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार नगर विकास हेतु तैयार की गई विभिन्न निर्माण कार्यों के प्रस्तावों का भी अवलोकन किया गया, तदानुसार नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु सुझाव दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश कुमार साहू, उप अभियंता कामता प्रसाद नागेंद्र एवं साथ ही नगर पंचायत पलारी के कर्मचारी उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तकरण में...

हाईकोर्ट का भी रुख करते नजर आ रहे हैं। शिक्षक साझा मंच और शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री से मांग किया है कि इस विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को ही निरस्त कर दी जाए और शिक्षक संगठनों से सुझाव लेकर 2008 के सेटअप के तहत पुनः अतिशेष की गणना की जावे।

### महिलाओं में हुई...

मुख्य मार्ग मे पुरानी रंजिश को लेकर दो महिलाओ सहित 4 लोगो के बीच विवाद व मारपीट की नौबत आ गई। पुलिस के अनुसार 40 वर्षी महिला अपने बच्चों के स्कूल की छुट्टी के बाद उन्हे स्कूल से लेकर वापस आ रही थी तभी रास्ते मे पुरानी बातो को लेकर 37 वर्षी अन्य महिला जो अपने ननंद के साथ बाजार जा रही थी, उससे रास्ते मे मुलाकात हो गई। जिसके बाद पुरानी रंजीश को लेकर दोनो एक दूसरे पर गुस्सा निकालने लगे, जो धीरे धीरे गाली गलौज व मारपीट तक आ गई। जिसके बाद एक महिला के साथ रहे बच्चें व बाजार जा रही महिला के साथ जा रही उसकी नंनद भी इस लड़ाई मे सम्मीलित हो गई। जिसके बाद दोनो पक्षो ने थाना पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
100% CAMPUS PLACEMENT
TEAM CREATIVE
मारूती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम – दानीटोला, पोस्ट – भैसबोड़, तहसील – डौंडी, जिला – बालोद (छ.ग.)
09229820000, 07470542137

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCom
MCom
MSC Chemistry/CS
BCA
DCA
PGDCA
MSW
B.Lib
PG Diploma in YOGA
Anda, Durg
: 9575037637, 6265377477
7880172431, 7880172432

# बिहान योजना से लाभान्वित आदिवासी ब्लाक की लालमती बनीं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चल रही योजनाओं का असर अब जमीनी स्तर पर देखने को मिल रहा है। इसका एक प्रेरक उदाहरण है आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक गम्हरिया के ग्राम की लालमती, जिन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर न केवल खुद को सशक्त किया बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई। लालमती का जीवन कभी एक साधारण मजदूर के रूप में शुरू हुआ था। लेकिन परिवर्तन तब आया जब उन्होंने प्रजापति गौरी स्व-सहायता समूह से जुड़कर बिहान योजना का लाभ उठाया। इसके बाद उद्योग विभाग से ऋण प्राप्त कर उन्होंने शटरिंग प्लेट व्यवसाय की शुरुआत की। आगे चलकर जनवरी 2025 में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत उन्हें पुनः ऋण मिला, जिससे उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार किया।

**गांव की महिलाओं को दिखाई राह-** लालमती अब केवल एक उद्यमी नहीं, बल्कि गांव की महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। उन्होंने कई महिलाओं को समूह से जुड़ने और स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है।

**शासन की योजनाओं से मिला सहारा-** लालमती ने कहा अगर शासन की योजनाओं का सहयोग न मिला होता तो आज इस मुकाम तक पहुंचना मुश्किल था। योजनाओं ने हौसला दिया, साधन दिए और नई राह दिखाई।

## 35-40 की आदमनी करतीं हैं अर्जित, दूसरों के लिए बनीं मिसाल

### अब 200 से ज्यादा शटरिंग प्लेट

फरवरी 2025 से अब तक लालमती को इस व्यवसाय से लगभग 35,000 से 40,000 तक की आय हो चुकी है। उनके पास अब 200 से अधिक शटरिंग प्लेट हैं, जिन्हें वे निजी भवनों और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बन रहे मकानों में छत ढलाई के लिए किराये पर उपलब्ध कराती हैं। गांव में निर्माण कार्य बढ़ने के साथ ही उनकी आय भी लगातार बढ़ रही है।



### बदलाव का प्रतीक : सीएम साय

मुख्यमंत्री ने कहा श्री साय ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण अंचलों की महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और आर्थिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाएं। बिहान, मुद्रा योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है। लालमती जैसी महिलाएं सामाजिक-आर्थिक बदलाव की प्रतीक हैं। लालमती की कहानी साबित करती है कि सही अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर कोई भी महिला आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती है। यह उदाहरण शासन की योजनाओं की सफलता और गांवों में हो रहे सामाजिक परिवर्तन को रेखांकित करता है।

## खबर संक्षेप

### कोलिहामार में पीपल के पौधे का किया रोपण



**गुरूर।** ग्राम कोलिहामार में सेवा निवृत्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी स्व. टीआर. महमल्ला की स्मृति मे मुक्तिधाम में पीपल का पौधा लगाया गया। पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाकर उसे बचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उनके पुत्र डॉ आशीष महमल्ला, पेंशनर समाज के चिंता राम साहू, जगत राम साहू, भीषण लाल महामल्ला, तीरथ महमल्ला, उदय लाल साहू, सोमन पटेल, गोविंद पटेल उपस्थित थे।

### चिलमगोटा में सर्पदंश से अधेड़ की हुई मौत

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम चिलमगोटा निवासी सगुण राम कोसमा 50 वर्ष को शनिवार को सुबह तीन बजे घर पर ही एक सर्प ने डस लिया।परिजनों ने उसे नगर के शा अस्पताल लेकर आए जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### पीएम आवास के 127 हितग्राही कर सकते हैं दावा आपत्ति

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लाभार्थी आधारित निर्माण (बी.एल.सी.) घटक अंतर्गत मकान आवंटन किया गया है। उसका रैपिड असेंसमेंट सर्वे से प्राप्त दस्तावेज के आधार पर शासन के निर्देशानुसार तृतीय फेस में निकाय की संयुक्त समिति द्वारा परीक्षण उपरांत संशोधित 127 पात्र आवेदनों की सूची दावा आपत्ति हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था अथवा समूह को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा हो तो 16 से 23 जून तक की अवधि में प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय जोन क्रं. 3 प्रथम तल में लिखित रूप से दावा आपत्ति कर सकते हैं। इसके बाद किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति अमान्य होगा। रैपिड असेंसमेंट सर्वे में तृतीय फेस में 127 पात्र आवेदकों की सूची को नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं सभी 5 जोन कार्यालयों के सूचना पटल एवं वार्डो के मुख्य स्थलों पर चस्पा किया गया है।

### प्राण घातक हमला करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 109(1) , 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि एचएससीएल कालोनी तेलहा खुर्सीपार निवासी दुर्गेश कुमार के साथ मारपीट कर गंभीर रुप से घायल किया है। पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर दुर्गेश का बयान लिया।

## निधन

### रुखमणी बाई गंजीर



**गुरूर।** ग्राम धनोरा निवासी रूखमणी बाई गंजीर का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे रेवा राम गंजीर की पत्नी व दाऊ लाल गंजीर की मां थी।

## बैठक : कलेक्टर ने अधिकारियों से तैयारी की जानकारी ली

# शिक्षा सत्र का शुभारंभ कल से, शाला प्रवेशोत्सव शानदार मनाएंगे : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि आगामी 16 जून से प्रारंभ होने वाले नए शिक्षा सत्र के दौरान जिले के सभी शालाओं के अलावा संकुल, विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर भव्य एवं गरिमामय रूप से शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन सुनिश्चित की जाए। जिससे कि प्रवेश उत्सव को हर्षोत्सव बनाते हुए हमारे देश व समाज के भावी भविष्य एवं नवनिहालों का उचित स्वागत, सत्कार व सम्मान करते हुए शाला में प्रवेश दिलाई जा सके। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में सफलतापूर्वक शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन के तैयारियों के संबंध में बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। बैठक में मिश्रा ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रखने हेतु नए शिक्षा सत्र से सभी स्कूल, कॉलेजों में नशामुक्ति कार्यक्रमों के आयोजन तथा उनके शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित कार्य योजना की भी विस्तृत समीक्षा की। मिश्रा ने शिक्षा, समाज कल्याण, स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को विद्यार्थियों को नशापान के दुष्प्रभावों की जानकारी देने हेतु सभी स्कूल, कॉलेजों में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत अनिवार्य रूप से कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए।




बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से नए शिक्षा सत्र 16 जून से प्रारंभ होने वाले शाला प्रवेश उत्सव के सफल आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में प्रभारी मंत्री, स्थानीय विधायक, सांसद सहित अन्य जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने शाला, संकुल एवं विकासखण्ड स्तर में आयोजित होने वाले शाला प्रवेशोत्सव के दौरान अनिवार्य रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने प्रवेशोत्सव के अवसर पर न्योता भोज का भी आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में प्राविण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों तथा पालकों को भी सम्मानित करने के निर्देश दिए।

### शिक्षण परिसरों के 100 मीटर दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंधःकलेक्टर

बैठक में कलेक्टर ने नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत जिले के स्कूल, कॉलेजों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने हेतु की गई तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बच्चों को नशा पान से दूर रखने हेतु बचपने से ही उनके मन मस्तिष्क में ही नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर मिश्रा ने शिक्षा एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को शैक्षणिक परिसरों के 100 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने समाज कल्याण विभाग के उप संचालक और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस संबंध में की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने शैक्षणिक संस्थाओं में नशामुक्ति अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों और विद्यार्थियों को नशापान से दूर रहने शपथ भी दिलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने शाला के सूचना पटल में भी शपथ पत्र को प्रदर्शित कराने को कहा। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और उप संचालक समाज कल्याण विभाग को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के जाँच हेतु स्कूलवार मनोचिकित्सक की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पश्चात सभी शिक्षकों का समय पर स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित कराकर निर्धारित समयावधि तक शाला में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि वे स्वयं तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से शालाओं का निरीक्षण कर शिक्षा विभाग के कार्यों का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करेंगे।

## मकान विवाद के प्रकरण को फोरम ने किया खारिज

**लाटाबोड़।** उपभोक्ता फोरम बालोद ने किया शिकायत आवेदन को किया खारिज जानकारी के अनुसार जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद के द्वारा पारित आदेशानुसार शिकायतकर्ता टिकेश्वरी कुल्हारे के द्वारा अनावेदक महादेव कंट्रक्शन एंड पार्थ कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध परिवाद प्रस्तुत की थी कि, उनके मकान निर्माण में अनावेदक ने सेवा में गंभीर कमी किया है, मकान के प्लास्टर उचित नहीं है, मटेरियल गुणवत्ता हीन है तथा मकान निर्माण अधूरा हैं। इस कारण से पंजीकृत इंजीनियर श्रीवास्तव से उपरोक्त अपूर्ण कार्यों के संबंध में एस्टीमेट बनाए जाने पर 5 लाख रुपया लगभग कि लागत आना बताया गया था। इन्हीं आधार पर अनावेदक के विरुद्ध परिवाद फोरम मे पेश की थी।अनावेदक के द्वारा उपरोक्त शिकायत का जवाब पेश करते हुए अधिवक्ता भेष कुमार साहू के द्वारा बताया गया था कि शिकायतकर्ता ने बिना किसी कारण के वर्ष 2020 मे निर्माण कार्य को बंद करा दी थी और बकाया रकम का भुगतान नहीं की थी। कोरोना काल समाप्त होने पर पुनः मकान निर्माण कार्य चालू करने के लिए दबाव बनाने लगी जब तक की बाजार सामान्य होने से मकान निर्माण सामग्री के मूल्य में अत्यधिक वृद्धि हो गई थी, उपरोक्त बड़े हुए मूल्य की अतिरिक्त मांग करने पर शिकायतकर्ता द्वारा भुगतान करने से इंकार किया और उल्टा राजमिस्त्री कल्याण संघ बालोद मे शिकायत करने पर एक सलाहनामा तैयार किया गया, जिसके अनुसार डेढ़ लाख रुपया शिकयतकर्ता के द्वारा अनावेदक को भुगतान करने पर उनके निर्माण कार्य पूर्ण किया जायेगा, इस प्रकार से उभय पक्षकर गण के मध्य लेन देन का विवाद है। सेवा मे कमी का कोई विवाद नहीं है। टिकेश्वरी के द्वारा माननीय फोरम बालोद मे परिवाद पेश की थी, जिसे न्यायलय ने शिकायत लेन देन से संबंधित होने से फोरम मे चलने योग्य नहीं होना मानते हुए परिवाद को निरस्त की है। उपरोक्त निर्णय पर सिविल कांट्रेक्टर तथा इंजीनियरों ने अधिवक्ता साहू को बधाई दी।

## गोंड़ महासभा ने सीएम साय को दिया कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रण सौंपा




**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोंण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद के पदाधिकारीयो द्वारा 24 जून को होने वाले रानी दुर्गावती बलिदान दिवस कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आमंत्रण सौपा गया। जिसमे छत्तीसगढ़ गोंण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद के पदाधिकारी सर्व तिरुमाल, जिलाध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम, तहसील अध्यक्ष अर्जुन्दा सेवंत मंडावी, तहसील अध्यक्ष बालोद फिरतां उईके व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रक्षा, एयरोस्पेस और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में निवेश का नया केंद्र बनेगा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ अब खनिज और कृषि प्रधान राज्य की पहचान से आगे बढ़कर तकनीकी नवाचार और रणनीतिक क्षेत्रों में निवेश का उभरता हुआ केंद्र बनता जा रहा है। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा रक्षा, एयरोस्पेस और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे उच्च तकनीक क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने हेतु विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की गई है। यह निर्णय औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत लिया गया है, जो छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन और चेमन देशमुख ने बताया कि इस पैकेज के तहत 50 करोड़ से 500 करोड़ से अधिक तक के निवेश पर 35% तक की सब्सिडी मिलेगी, जिसकी अधिकतम सीमा 300 करोड़ रुपये रखी गई है। इसके अतिरिक्त निवेशकों को ब्याज अनुदान, विद्युत शुल्क में छूट, स्टांप ड्यूटी और पंजीयन शुल्क में रियायत, भूमि उपयोग शुल्क में छूट, ईपीएफ प्रतिपूर्ति और प्रशिक्षण अनुदान जैसी सुविधाएं भी दी जाएंगी। नीति का एक प्रमुख पक्ष यह है कि स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने



वाले उद्योगों को वेतन का 20% तक अनुदान दिया जाएगा। साथ ही, अनुसंधान एवं विकास पर खर्च का 20% तक अनुदान, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना और ड्रोन प्रशिक्षण केंद्रों के लिए विशेष सहायता जैसी व्यवस्थाएं भी की गई हैं। 1000 करोड़ से अधिक निवेश या 1000 से अधिक रोजगार देने वाली इकाइयों को अतिरिक्त औद्योगिक प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे राष्ट्रीय और वैश्विक कंपनियों के निवेश को बढ़ावा मिलेगा। नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब केवल परंपरागत उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि रक्षा, एयरोस्पेस और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर और अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर है। क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन और चेमन देशमुख,राकेश यादव, सौरभ लुनिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस नीति का स्वागत करते हुए इसे राज्य के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर बताया।

## चिटफंड कंपनी का एडिशनल डारेक्टर दिल्ली से गिरफ्तार

**बालोद।** बीते 10 सालों से फरार श्रीराम रियल स्टेट प्रायवेट लिमिटेड चिटफंड कंपनी का एडिशनल डारेक्टर को बालोद पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के चार सहयोगीयों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

बालोद पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दस साल पुर्व थाना बालोद में श्रीराम रियल स्टेट प्रायवेट लिमिटेड के संचालक के द्वारा एजेन्ट के माध्यम से कंम्पनी की लुभावनी स्कीम एवं अधिक ब्याज का लालच देकर षडयंत्र पुर्वक आम जनता से करोडों रूपया जमा कराकर परिपक्वता तिथि एवं समयावधी में राशि न देकर भाग जाने की शिकायत पर थाना बालोद में धारा 420, 34 भादवि 3, 4, 5 ईनामी चिट एवं धन परिचालन स्कीम पाबंदी अधिनियम व धारा 10 छ.ग. निक्षेपको का हितो का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। तब से आरोपी बबलू प्रजापति पिता स्व. सीताराम प्रजापति 41 वर्ष फरार था।

प्रकरण के विवेचना क्रम में श्रीराम रियल स्टेट प्रायवेट लिमिटेड के फरार एडिशनल डायरेक्टर ग्राम



डेगदा पोस्ट कलारमा तहसील कराहल थाना श्योपुर देहात जिला श्योपुर मध्यप्रदेश निवासी आरोपी बबलू प्रजापति पिता स्व. सीताराम प्रजापति 41 वर्ष पता तलाश कर दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। जिसे 14 जून को न्यायालय पेश किया गया।

आरोपियों की पता तलाश के दौरान सायबर सेल बालोद से तकनीकी सहायता ली जा रही थी, आरोपी का लोकेशन मध्यप्रदेश, दिल्ली आने से तत्काल टीम गठित कर टीम को मध्य-प्रदेश व दिल्ली रवाना किया गया था, गठित टीम द्वारा एक सप्ताह तक दिल्ली में आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, अंततः फरार आरोपी को पकड़ने में गठित टीम को सफलता मिली। जिसे न्यायालय के समक्ष उपस्थित कर रिमांड पर भेजा गया।

## भाजपा की कार्यशाला में संकल्प से सिद्धि पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भाजपा मंडल सनौद मे संकल्प सभा सह कार्यशाला के अंतर्गत संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अतंर्गत विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद प्रीतम साहू थे। साथ में मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष घनेंद्र साहू, महामंत्री ढंगु हिरवानी, ललित गजेंद्र, अतिथि जिला मंत्री नरेश साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गुरुर दुर्गानंद साहू, जनपद पंचायत सदस्य गुलाब सिन्हा, जनपद पंचायत सदस्य अशीष साहू, जनपद पंचायत सदस्य झालेंद्र साहू, कार्यक्रम



संयोजक भुवनलाल साहू, सुशीला सेवक साहू, दुखिया बाई, नीता साहू, नरेन्द्र मिश्रा, संतोष गंगबेर, लिलाराम सोनबेर, धीरपाल साहू, नेकराम सिन्हा, नंद कुमार, कुमार साहू, बीरेन्द्र सहाड़ा, चांदनी भोज, लखन लाल, सत्यभामा, उर्वशी, गंगा बाई, तुसली साहू, चंद्रकला साहू, चुन्नी बाई, नेकराम सिन्हा, राम नारायण, राम कुमार शांडिल्य, छन्नु लाल, पूनम चंद, हेमलाल साहू, तोरण लाल साहू, ईश्वर लाल, शिवनारायण नेले, महेश कुमार, मनीष साहू, मितेश साहू, मुकेश साहू, लिकेश हिंदु, पूरन साहू, प्रवीण साहू एवं कार्यकत्रा उपस्थिति थे।

## अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को जैन समाज ने दी श्रद्धांजलि




**बालोद।** जैन समाज द्वारा अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजली अर्पित की गई। नगर के जय स्तम्भ चौक पर श्रद्धांजली सभा आयोजित किया गया। जैन समाज द्वारा श्रद्धांजली अर्पित करते हुए शोकसंतप्त परिजनों के ऊपर हुए वज्रपात को सहने की शक्ति देने एवं घायलों के जल्द स्वास्थ्य की कामना भगवान से की गई। इस श्रद्धाजंलि सभा हेतू जैन समुदाय के महिला पुरुष युवा और बुजुर्गों ने ओसवाल भवन से एक मौन जुलूस निकाला एवं जय स्तम्भ चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा मे उपस्थित जैन समाज के डॉ प्रदीप जैन ने कहा कि कौन जानता था कि ऐसी घटना होगी जिससे पूरी दुनिया मे मातम पसर जाएगा, जो अपनो से मिलकर जा रहे थे, कोई अपनो के पास जाने इस विमान में बैठा था, उन सबकी जिंदगी थम गई, यह झकझोर देने वाली घटना है, इस दुख की घड़ी में मृतकों के परिजनों को वज्रपात सहने की ईश्वर शक्ति प्रदान करे। इस श्रद्धांजलि सभा मे जैन संघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला, संरक्षक हरीश सांखला, गुलाब चंद नाहटा, चेतन ढ़ेलडिया, भीखम चोरडिया, रूपचंद जैन, स्वरूप गोलछा, तनसुख नाहटा, मांगीलाल ढ़ेलडिया, मुकेश भंसाली, ओमप्रकाश टाटिया, प्रमोद गोलछा, प्रदीप चोरडिया, विनोद श्रीश्रीमाल, दीपक लोढा, नीलेश नाहटा, धनदत्त बागमार, लक्की लोढा, सुनील रतन बोहरा, हेमंत बाफना, सुभाष चोपड़ा, राजू सांखला, संजय ढ़ेलडिया, सुभाष ढ़ेलडिया, दिनेश श्रीश्रीमाल, राजेश चोपड़ा, रतनलाल नाहटा, शुभम श्रीश्रीमाल, त्रिशला चोरडिया, पूजा श्रीश्रीमाल, अनिता ढ़ेलडिया, अनिता गोलछा, सरिता गोलछा, मीणा बाफना, ऋषभ बाफना, संजय बागमार, दर्शन चोरडिया उपस्थित थे।










